# न्यायालय, नीलाम पत्र पदाधिकरी, लोहरदगा।
## (नीलाम पत्र शाखा)

**वाद संख्या 01/02–03, टी0आर0 न0 144/20–21**

**शाखा प्रबंधक, यूनाइटेड बैंक ऑफ इन्डिया, कुडू, शाखा लोहरदगा :— अधियाचक**

**बनाम**

**मोइन खान उर्फ मोईनुद्दीन खान, पिता—मुस्ताक, ग्राम—कुडू, पो0+थाना—कुडू, लोहरदगा :— देनदार**

**<u>आदेश</u>**

1/9/7

यह वाद शाखा प्रबंधक, यूनाइटेड बैंक ऑफ इन्डिया, कुडू शाखा द्वारा देनदार मोइन खान उर्फ मोईनुद्दीन खान, पिता—मुस्ताक, ग्राम—कुडू, पो0+थाना—कुडू, लोहरदगा के विरूद्ध जुलाई 2002 में नीलाम पत्र वाद **मो0 630035.96/— (छः लाख तीस हजार पैंतीस रूपये एवं छयानब्बे पैसे)** वसूली हेतु अधियाचना दायर किया गया है।

अधियाचना दायर करने के पश्चात् धारा 7 के अन्तर्गत 23.08.2002 में नोटिस निर्गत किया गया। देनदार को कई नोटिस दिया गया। जैसे कार्यालय पत्रांक 692, दिनांक 14.06.2004, पत्रांक 325, दिनांक 20.03.06, पत्रांक 485, दिनांक 27.04.06 सभी पर देनदार कुडू में नहीं रहते है। देनदार के कुडू एवं लोहरदगा के दिये गये पते पर भी नोटिस दिया गया। किसी भी नोटिस का तामिला नहीं हुआ। तब न्यायालय द्वारा कार्यालय पत्रांक 153, दिनांक 11.09.18, पत्रांक 164, दिनांक 12.10.18 एवं पत्रांक 61, दिनांक 06.02.20 के द्वारा भी भेजा गया। इस वाद में कोई गराण्टर भी नहीं है।

विभिन्न न्यायालय से होकर यह वाद दिसम्बर 2021 में इस न्यायालय को प्राप्त हुआ। तब पुनः इसे अंतिम रूप से पत्रांक 16, दिनांक 04.01.2021 के द्वारा भेजा गया। तामिला कर्त्ता थाना के चौकीदार 3/7 अजित महली द्वारा दिनांक 17.01.2021 द्वारा प्रतिवेदित किया कि देनदार की मृत्यु हो गई है। तब कार्यालय द्वारा सीधे शाखा

प्रबंधक, यूनाइटेड बैंक ऑफ इन्डिया, शाखा कुडू, को कार्यालय पत्रांक 61, दिनांक 27.01.2021 भेजा गया कि देनदार के वसूली की अद्यतन स्थिति के साथ वास्तविक उत्तराधिकारी स्थापित करने हेतु लिखा गया इसमें पूर्व पत्रांक 164, दिनांक 12.10.18 एवं पत्रांक 01, दिनांक 08.02. 2020 द्वारा भी सूचित किया गया किन्तु शाखा प्रबंधक, यूनाइटेड बैंक ऑफ इन्डिया, शाखा कुडू, द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया साथ ही कभी उपस्थित भी नहीं हुए। ऐसी अधियाचक के अभिरूचि पर वाद चलाने योग्य नहीं है।

अतः उपरोक्त परिस्थिति में नीलाम पत्र वाद संख्या 01/02–03, टी0आर0 न0 144/20–21 को धारा 53 (2) के अन्तर्गत खारिज किया जाता है। आदेश की प्रति शाख प्रबंधक, यूनाइटेड बैंक ऑफ इन्डिया, कुडू, को भी एक प्रति भेजें।

सत्यापित / लेखापित

जिला नीला पत्र पदाधिकारी,
लोहरदगा

Digitally signed by JITENDRA MUNDA
Date: 2024.06.27 10:32:18 +05:30
Location: 10.93.49.26